# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class:** 6th - 3rd **Lang.** | **Department: Hindi** | **Date : ---- 01/25** |
| **Worksheet No: 7** | **Topic:** अर्थग्रहण | **Note: Pl. file in portfolio** |

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए|

एक गाँव में एक आदमी ने एक तोते को पिंजरे में बंद कर रखा था। वह तोता उस पिंजरे से बाहर निकल कर आसमान में उड़ना चाहता था।

बहुत कोशिश करने के बाद एक दिन वह तोता उस पिंजरे से बाहर निकल गया और आसमान में उड़ने लगा| उड़ते-उड़ते वह एक जंगल की तरफ़ चला गया| आसमान में उड़ने के कारण वह खुशी से झूम रहा था। जंगल में उसकी नज़र एक हाथी पर पड़ी| हाथी पेड़ के नीचे आराम कर रहा था। हाथी को देख तोते ने सोचा कि इस हाथी के साथ मज़ाक किया जाए। मज़ाक करने के लिए तोता अपनी चोंच से हाथी के सिर पर मारने लगा, जिससे उसकी नींद खुल गई।

हाथी ने उस तोते से कहा, "तुम मुझे परेशान क्यों कर रहे हो?"

तोते ने कहा, "मैं तुम्हारे साथ मज़ाक कर रहा हूँ।"

यह सब करने में उस तोते को बहुत मज़ा आ रहा था इसलिए वह लगातार उस हाथी को परेशान करने लगा| हाथी उस तोते को सबक सिखाने के लिए एक नदी के पास गया और नदी में अपनी सूँड डाल दी। तोते को लगा कि हाथी उससे डर गया।

जब तोता दोबारा हाथी के सिर पर चोंच मारने लगा, तब हाथी ने अपनी सूँड में पानी भरकर उस तोते की तरफ़ फ़ेंक दिया जिससे वह तोता पूरा गीला हो गया और वहाँ से भाग गया।

सीख -- "किसी से साथ भी मज़ाक करने की एक सीमा होती है और उस सीमा को नहीं लाँघना चाहिए।"

1. आदमी ने पिंजरे में किसे बंद करके रखा था?

*चूहे को　　*तोते को

*कोयल को　　*मैना को

2. तोता पिंजरे से बाहर निकल कर क्या करना चाहता था?

*लाल मिर्ची खाना *अपने दोस्तों से मिलना

*आसमान में उड़ना *गीत गाना

3. तोता उड़ते-उड़ते कहाँ चला गया?

*चिड़ियाघर में *शहर की तरफ़

*सुनसान घर में *एक जंगल की तरफ़

4. तोते की नज़र किस पर पड़ी?

*एक बिल्ली पर *एक साँप पर

*एक हाथी पर *एक शेर पर

5. हाथी कहाँ आराम कर रहा था?

*पेड़ के नीचे *तालाब के किनारे

*एक गाँव में *राजा के महल के पास

6. जब तोते ने अपनी चोंच से हाथी के सिर पर मारा तो क्या हुआ?

*हाथी रोने लगा *हाथी की नींद खुल गई

*हाथी हँसने लगा *हाथी बेहोश हो गया

7. हाथी ने तोते को सबक सिखाने के लिए क्या किया?

*शेर से उसकी शिकायत की

*उसे अपनी सूँड से मारा

*उसे जंगल से बाहर निकाल दिया

*सूँड में पानी भरकर उसपर फेंका

- दिए गए शब्दों के लिंग शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए|

औरत - ..................... हथिनी - .....................

- दिए गए शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए|

अंदर - ..................... सूखा - .....................

*********************